हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, बुधवार, 27 दिसंबर 2023

11 यात्राओं से हो रहा हर वर्ग का भला



12 मानक चौक पर स्थाई पुलिस कर्मी तैनात करने की उठी मांग



## खबर संक्षेप

### आज सरकारी अस्पताल में ओपीडी रहेंगी बंद

**नारनौल।** सरकारी अस्पतालों में चिकित्सक की हड़ताल के चलते 27 दिसंबर को ओपीडी बंद रहेंगी। केवल एमरजेंसी में काम होगा। जच्चा-बच्चा वार्ड में भी चिकित्सक जांच नहीं करेंगे। एचसीएमएसएस प्रधान डॉ. अनिल यादव ने बताया कि चिकित्सकों की लंबे समय से मांगें लंबित हैं। मांगें नहीं मानी तो 29 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी।

### श्रीराम कथा और सत्संग 29 से

**सतनाली मंडी।** गांव श्यामपुरा के गायत्री मंदिर में 29 दिसंबर से छह जनवरी तक श्रीराम कथा व सत्संग होगा। कथा वाचक ब्रह्मचारी हरिदास महाराज प्रतिदिन सुबह प्रार्थना एवं प्रवचन, साढ़े छह बजे प्रभात फेरी, दोपहर 12:30 बजे भजन संकीर्तन, दोपहर को श्रीराम कथा व दुर्लभ सत्संग, सायं साढ़े सात बजे भजन संकीर्तन तथा रात को सत्संग का आयोजन किया जाएगा।

### सोहड़ी के श्रीराम मंदिर में अखंड पाठ 21 को

**सतनाली मंडी।** गांव सोहड़ी के श्रीराम मंदिर में अखंड रामायण पाठ एवं हवन यज्ञ तथा भगवान श्रीराम की झांकी का आयोजन होगा। पुजारी महावीर प्रसाद ने बताया कि मंदिर में 21 जनवरी को अखंड रामायण पाठ होगा। 22 जनवरी को सुबह हवन, फिर गांव में भगवान श्रीराम की शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा।

### सरसों चोरी करने के आरोप में दो गिरफ्तार

**कनीना।** सदर पुलिस व सीआईए ने भोजावास में ट्यूबवेल के कमरे से सरसों के कट्टे चोरी करने के आरोपी बलजीत उर्फ कालिया वासी बहु झोलरी व राहुल उर्फ मिरगला वासी मोहल्ला गुलाबी बाग रेवाड़ी को गिरफ्तार किया है। एक आरोपित नरेंद्र उर्फ ढिल्लू वासी आलमपुर भिवानी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने आरोपितों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# जिले में अब इंद्रजीत गुट के साथ मिलकर पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा करेंगे शक्ति प्रदर्शन

## विधायक अभयसिंह यादव की जिला स्तरीय रैली के बाद भाजपा की महेंद्रगढ़ में 7 जनवरी को होगी रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला में विपक्ष गायब है। सत्ता सहयोगी ही जिला में रैली कर अपना दमखम दिखा रहे है। अभी एक पखवाड़ा पहले नांगल चौधरी के विधायक डा. अभयसिंह यादव ने जिला के सेंट्रल प्वाइंट दौंगड़ा अहीर में सफल रैली की। अब भाजपा ही दूसरी रैली महेंद्रगढ़ में सात जनवरी को करने जा रही है। दोनों रैलियों को लेकर खास बात यह है कि डा. अभयसिंह यादव ने अकेले दम पर रैली आयोजित की और उसे सफल भी करके दिखाया। अब यह दूसरी भाजपा की रैली पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा करने जा रहे है। इस रैली में इंद्रजीत गुट का साथ लेकर प्रो. रामबिलास शर्मा शक्ति प्रदर्शन दिखाएंगे। यही नहीं, रैली में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी, राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ के अलावा केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्या सुधा यादव मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद होंगी।



राव इंद्रजीत प्रो. रामबिलास डॉ. अभय सिंह

- कार्यकर्ताओं की कल होगी नारनौल में बैठक

### महेंद्रगढ़ विस से तीन बार विधायक निर्वाचित हो चुके प्रो. रामबिलास शर्मा

पहली बार महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्रा से प्रो. रामबिलास शर्मा साल 1982 में विधायक बने। फिर साल 1987 में फिर विधायक बन मंत्री बने। उन्हें जनस्वास्थ्य का महकमा मिला। साल 1991 में तीसरी बार फिर विधायक बने। उसी साल भाजपा पार्टी आलाकमान ने उन्हें हरियाणा के पार्टी अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी। चौथी बार फिर 1996 में विधायक चुने गए और शिक्षा मंत्री का औहदा मिला। इसके बाद राजनीति हालत विपरित हुए। लंबे अंतराल के बीच उन्हें साल 2013 में फिर से भाजपा हरियाणा अध्यक्ष बनाया गया। रात-दिन जी-तोड़ मेहनत की और हरियाणा गठन के बाद पहली बार भाजपा पार्टी को पुणतय बहुमत का आंकड़ा पार किया। जब चुनाव थे तो लोगों को आस थी कि जीत के बाद प्रो. रामबिलास शर्मा को ही मुख्यमंत्री बनाएंगे। लेकिन उलटा हुआ। खैर, वह पार्टी आलाकमान का फैसला था।

### जहां आए आ चुके अटल बिहारी व अमित शाह, उसी स्थल पर रैली

प्रो. रामबिलास शर्मा बताते है कि महेंद्रगढ़ की सब्जी मंडी भाजपा के लिए हमेशा ही यादगार भीड़ जुटाती रही है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी भी इसी स्थान पर रैली को संबोधित करने आए थे। 2014 में प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने से पहले उस समय के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वर्तमान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी इसी स्थान पर रैली को संबोधित किया था और उसी समय से प्रदेश में भाजपा के पक्ष में लहर चलने लगी थी। इसीलिए अब इसी स्थान को चुना है। उन्होंने दावा किया कि भीड़ के लिहाज से यह रैली बहुत सफल होने जा रही है। उन्होंने बताया कि इस रैली की तैयारियों के लिए 28 दिसंबर को नारनौल के सीएल फार्म हाउस में जिला भाजपा कार्यकर्ताओं की एक और बैठक बुलाई गई है।

## अप्रैल-2021 में मंजूरी, सिहमा, बुचावास और सतनाली में बना

# निजामपुर सब-डिविजन का 30 माह बाद भी इंतजार खत्म नहीं

निजामपुर सब-डिविजन बना तो क्षेत्र के नारनौल सब-डिविजन से जुड़े 9 व नांगल चौधरी सब डिविजन के 35 गांवों को होगा फायदा, सत्ता पक्ष का दावा, डिप्टी सीएम से करवाएंगे समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार ने जिले महेंद्रगढ़ में अप्रैल-2021 में नए पांच सब डिविजन बनाने की घोषणा की। इसमें सिहमा, बुचावास, सतनाली, आकोदा व निजामपुर को शामिल किया गया। बिजली निगम ने सिहमा, बुचावास व सतनाली में नया सब डिविजन बना दिया। अभी तक निजामपुर व आकोदा को सब डिविजन अभी तक नहीं बना। नलवाटी क्षेत्र से जुड़े लोगों की माने तो इस मामले में भी अधिकारी भेदभाव कर रहे है। जब सरकार ने मंजूरी दे दी फिर भी निजामपुर के हक को दरकिनार कर दिया है। मंजूरी के 30 माह बीत जाने के बाद भी नलवाटी क्षेत्र के लोग सब डिविजन को तरस रहे है।







नारनौल। यहां बनना है निजामपुर सब डिविजन व निजामपुर सब डिविजन का प्रस्तावित नक्शा। फोटो: हरिभूमि

### नहीं जुड़ने से नुकसान और जुड़ने का फायदा

निजामपुर क्षेत्र के नौ गांव ऐसे है जो नारनौल सब डिविजन में जुड़े है। इसी तरह 35 गांव/ढाणी वह है तो नांगल चौधरी सब डिविजन से जुड़े है। ऐसे में नलवाटी क्षेत्र के ग्रामीणों को बिजली संबंधित कार्य जैसे बिजली बिल जमा करवाना, नए कनेक्शन लेना, बिजली समस्या के लिए लाइनमैन से लेकर एसडीओ तक नांगल चौधरी या नारनौल दफ्तर में चक्कर काट रहे है। यह नुकसान हो रहा है। अब सब डिविजन निजामपुर शुरू हो जाता है तो नलवाटी के इन ग्रामीणों को नांगल चौधरी या नारनौल चक्कर नहीं काटने नहीं पड़ेंगे। इससे इनका समय व पैसा दोनों बचेगा।

### उप मुख्यमंत्री तक पहुंचाया मामला, जल्द होगा समाधान

जजपा जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने इस बारे में बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में है। उन्होंने व पार्टी से जुड़े जिला अध्यक्ष डा. मनीष शर्मा, जाट महासभा के प्रधान विजयपाल एडवोकेट व हलका अध्यक्ष बिरेंद्र बनिहाड़ी ने यह मुद्दा डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के समक्ष रखा था। आज भी डिप्टी सीएम से बातचीत की है। उन्होंने जल्द ही निजामपुर सब डिविजन को अंतिम रूप देकर शुरू करवाने का आश्वासन दिया है। नलवाटी क्षेत्र को किसी भी सूरत में पिछे नहीं रहने दिया जाएगा।

### इन 44 गांवों के लोगों को हो सकता है फायदा

प्रस्तावित सब डिविजन के तहत कारोली, तलोट, धनौंता, दनचौली, छिलरो, निजामपुर सिटी, निजामपुर, बामणवास व मौखूता गांव है, यह नौ गांव फिलहाल नारनौल सब डिविजन से जुड़े है। वहीं गांव घाटासेर, नापला, पवेरा, सरेली, गांवड़ी जाट, झगडेत की ढाणी, बेरूंडला, ख्वाजपुर, नांगल शालू, कारोता, दौंगली, नारहेड़ी, ढाणी ठाकरान, मोकन वाली ढाणी, ईसलामपुर, बिगोपुर, धौलेड़ा, नियाजअलीपुर, मेघोत बिन्जा, लाडावा की ढाणी, बखरीजा, मेघोत हाला, भोजावास की ढाणी, पांचनौता, मूसनौता, नांगल दर्गू, झूडवाल की ढाणी, बायल, ढाणी सादा की, पंचा की ढाणी, दीयावाला की ढाणी, रावता की ढाणी, गंगुताना, गोलवा व ढाणी हून है। यह 35 गांव/ढाणी है जो नांगल चौधरी सब डिविजन से है। जब निजामपुर सब डिविजन शुरू होगा तो यह सभी 44 गांव/ढाणी जुड़ेंगे। जिससे लोगों को फायदा होगा।

# सड़क हादसे में दो भाइयों की मौत तीसरा भाई घायल, बाल-बाल बचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

कोरियावास में सड़क किनारे खड़े होकर बातचीत कर रहे लोगों को कार चालक ने टक्कर मार दी, जिससे तीन लोग घायल हो गए, जबकि एक व्यक्ति बाल-बाल बच गया। इन तीनों में से दो भाईयों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका जयपुर में उपचार चल रहा है। ग्रामीणों ने गमनीम माहौल में दोनों भाईयों का गांव धानौता में एकसाथ अंतिम संस्कार किया। दोनों अविवाहित थे।

जानकारी के अनुसार गांव धानौता निवासी रामकिशन गुर्जर व विजय सिंह दोनों कोरियावास गांव से अपने गांव धानौता पैदल जा रहे थे। रामकिशन ने बताया कि जब वह गांव कोरियावास में महावीर के मकान के पास पहुंचे तो पीछे से सुखबीर एवं रामबीर वासियान धानौता अपनी मोटरसाइकिल लेकर नारनौल की तरफ से आ रहे थे। तभी एक टाटा हेरियर कार आई और साइड में हमे सड़क के पास साइड में खड़े हुए को टक्कर मार दी। जिसमें सुखबीर, रामबीर एवं विजय सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना करीब रात्रि साढ़े नौ बजे की है। सभी घायलों को एंबुलेंस के जरिए नागरिक अस्पताल नारनौल पहुंचाया। चिकित्सकों ने घायलों रामबीर एवं विजय को उपचार के लिए भर्ती कर लिया, जबकि करीब 32 वर्षीय सुखबीर को मृत घोषित कर दिया। रामबीर को जब रेवाड़ी ले जा जा रहा था, तब उसने बीच रास्ते में दम तोड़ दिया। विजय जयपुर अस्पताल में उपचाराधीन है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### एक कंपनी तो दूसरा जाता था कोचिंग सेंटर

रामकिशन ने बताया कि रामबीर भिवाड़ी कंपनी में काम करता है और वह रात को कंपनी की बस से आया था। जबकि सुखबीर नारनौल कोचिंग सेंटर आता था। रामकिशन एवं सुखबीर रात्रि को लिफ्ट मांगकर बाइक से गांव जा रहे थे। जिस पर बाइक वाले ने बीच रास्ते में उतार दिया। जब वह पैदल जा रहे थे, तो धानौता से बाइक से आते हुए उन्हें सुखबीर एवं विजय सिंह आ गए। यह सभी चारों कोरियावास ब्रेकर के पास खड़े होकर बात कर रहे थे, तभी एक कार आई और उन्हें टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में रामकिशन के भाईयों सुखबीर एवं रामबीर की मौत हो चुकी है, जबकि तीसरा विजय उपचाराधीन है। सदर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज करने उपरांत नागरिक अस्पताल से मंगलवार प्रातः शवों का पोस्टमार्टम कराया। सुबह यह सूचना पाकर गांव धानौता के अनेक लोग नागरिक अस्पताल पहुंच गए तथा पीड़ितों को सांत्वना देने की कोशिश की। पोस्टमार्टम उपरांत ग्रामीणों ने दोनों भाईयों का गांव धानौता ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक दोनों भाई अविवाहित थे।

# ग्रीवेंस कमेटी की मासिक बैठक 29 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

- बिजली मंत्री करेंगे अध्यक्षता, 16 शिकायतों की होगी सुनवाई, डीसी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

विद्युत मंत्री रणजीत सिंह 29 दिसंबर को पंचायत भवन में सुबह 11 बजे जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक लेंगे। इसमें पहले से निर्धारित 16 मामले सुनवाई के लिए रखे जाएंगे। जिनका संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर से समाधान करवाया जाएगा।

डीसी मोनिका गुप्ता ने बताया कि इस बैठक में सहायक भू-वैज्ञानिक भूजल नारनौल का एक, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक नारनौल का एक, जिला वन अधिकारी महेंद्रगढ़ के दो, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नारनौल का एक, उपनिदेशक पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग नारनौल का एक, कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग महेंद्रगढ़ का एक, कार्यकारी अभियंता जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग महेंद्रगढ़ के दो, कार्यकारी अभियंता दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम का एक, ईओ एचएएसएमबी रेवाड़ी का एक, कार्यकारी अभियंता जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग नारनौल का एक, सचिव नगर पालिका महेंद्रगढ़ का एक, सहायक श्रमायुक्त रेवाड़ी का एक, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी महेंद्रगढ़ का एक व पुलिस अधीक्षक नारनौल का एक मामला सुनवाई के लिए रखा जाएगा।

उन्होंने बताया कि गांव भगड़ाना का औंकार, दुलोठ अहीर का सरपंच ग्राम पंचायत व ओमप्रकाश, विजयपाल, संजय, राजवीर, दुलोठ अहीर का संतलाल, वन मंडल अधिकारी कार्यालय महेंद्रगढ़ का डाटा एंट्री ऑपरेटर दीपक शर्मा, गांव कलवाड़ी का अमर सिंह, गांव बापड़ोली का राजकुमार, गांव देवास का सतवीर, नावां का राजेंद्र प्रसाद, गांव राजावास व राठीवास का सरपंच चौधरी मोहित घुघु, गांव भालखी का कुरडाराम, गांव बायल का जगदीश प्रसाद व समस्त ढाणी वासी, गांव बूढ़वाल का धर्मवीर सरपंच व समस्त ग्रामवासी, मोहल्ला करेलिया बाजार वार्ड नंबर चार महेंद्रगढ़ का शेरसिंह, गांव गुढ़ा का होशियार सिंह, बुचोली का रामबिलास तथा गांव सेहलंग का राजपाल का मामला सुनवाई के लिए रखा जाएगा।



## पॉलिटेक्निक गेस्ट फैकल्टी ने सौंपा ज्ञापन, कर्मचारी का दर्जा देने की मांग

**नारनौल।** गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक गेस्ट फैकल्टी प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगों को लेकर सामाजिक न्याय एवं अधिकारित मंत्री ओमप्रकाश यादव से मिला और उन्हें मांग पत्र सौंपा। जिसमें सरकार से पॉलीटेक्निक कॉलेज में कार्यरत गेस्ट फैकल्टी को 58 साल की जॉब सिक्योरिटी देने और पॉलिसी बनाकर उन्हें रेगुलर करने की मांग की है। मंत्री ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से मिलकर उनकी समस्याओं का स्थाई समाधान किया जाएगा। एसोसिएशन के प्रधान अंजनी कुमार ने बताया कि वे वर्ष 2010 से गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में लेक्चरर व इन्स्ट्रक्टर के तौर पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। पहले वे 250-125 रुपये से लेकर 457-229 रुपये प्रति घंटे की मामूली दरों पर अपनी सेवाएं प्रदान करते रहे। पिछले एक दशक में गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में लैक्चरर व इन्स्ट्रक्टर ने तकनीकी क्षेत्र में संस्थानों के समग्र विकास और छात्रों के तकनीकी कौशल को बढ़ाने में काफी योगदान दिया है।

## प्लाट के लिए रास्ता देने की मांग को लेकर परिवार के साथ अनिश्चितकालीन धरने पर बैठी महिला

**महेंद्रगढ़।** गांव चितंलाग निवासी एक महिला प्लाट के लिए रास्ता दिलाने की मांग को लेकर 75 वर्षीय अपनी सास तथा पांच वर्ष से कम आयु के तीन बच्चों के साथ धरने पर बैठ गई है। महिला का कहना है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती धरना जारी रहेगा। रात के समय भी महिला सचिवालय के बाहर बैठी रहेगी। महिला कृष्णा देवी ने बताया कि गांव की एससी बस्ती में उनका प्लाट हैं। पंचायती रास्ते की तरफ अपने प्लाट का दरवाजा निकालना चाहती है, लेकिन गांव के कुछ लोगों नेआगे से रास्ता बंद कर दिया है। 23 अक्टूबर को प्लाट के आगे का रास्ता बंद करने से रोकने का प्रयास किया था। उस परिवार की महिलाओं ने जातिसूचक शब्द प्रयोग कर उसके मारपीट भी की, जिससे उसको काफी चोटें आई व वह अस्पताल में भर्ती हुई पुलिस ने उसके ब्यान भी लिए थे। 28 अक्टूबर को उसने पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत भी दी तो पुलिस कर्मचारियों को मारपीट की वीडियो भी दिखाई थी। इसके बावजूद भी दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। महिला ने पुलिस कर्मचारी डीएसपी के ऑफिस के एक पुलिस कर्मचारी के दवाब में कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। इसके बाद एक फिर से आरोपितों ने उसके साथ मारपीट की थी। महिला का कहना है कि उसका पति किसी राजस्थान में मजदूरी करता हैं। वह अपनी सास व बच्चों के साथ घर में अकेली रहती है। आरोपित उसे लगातार धमकी दे रहे हैं। तीन बार शिकायत देने के बावजूद अभी तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। वह डीसी को भी शिकायत दे चुकी है, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। महिला के देवर बलजीत ने कहा कि जब तक आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती, तब तक परिवार के साथ धरने दिन-रात धरने पर बैठे रहेंगे।

- कार्रवाई होने तक धरना जारी रखने का ऐलान



## निजि बस स्टाफ ने बस की ट्रेनिंग लेने आए फौजी के साथ मारपीट

**महेंद्रगढ़।** बस स्टैंड स्थित ड्राइविंग प्रशिक्षण स्कूल में प्रशिक्षण ले रहे एक फौजी ने प्राइवेट बस के ड्राइवर व कंडक्टर पर उसके मारपीट करने का आरोप लगाया है। जिसकी शिकायत ड्राइविंग स्कूल इंचार्ज संजय कुमार को दी है। गांव टहला नारनौल निवासी लोकेश ने बताया कि वह राज्य परिवहन के ड्राइविंग स्कूल महेंद्रगढ़ में प्रशिक्षण ले रहा है। उसने 20 दिन पहले ही यहां प्रशिक्षण लेना शुरू किया है। वह लगभग पांच वर्ष से फौज में लेह लद्दाख में कार्यरत है। वह छुट्टी लेकर हैवी ड्राइविंग लाइसेंस के लिए यहां ड्राइविंग स्कूल में प्रशिक्षण ले रहा है। 25 दिसंबर को बस स्टैंड से ट्रेनिंग के लिए ट्रेनिंग बस में बैठकर गया था। रास्ते में गांव भुरजट के पास उसकी तबियत खराब हो गई, जिस वजह से वह दादरी से नारनौल जा रही एक प्राइवेट बस में बैठकर उपचार के लिए वापस महेंद्रगढ़ आ रहा था। बस में बस कंडेक्टर ने उसके साथ गाली-गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी। वह महेंद्रगढ़ उतरकर ट्रीटमेंट लेकर घर चला गया। मंगलवार सुबह वह ट्रेनिंग के लिए ट्रेनिंग स्कूल में आया था। तब बस स्टैंड पर उस बस ड्राइवर, कंडक्टर व अन्य साथियों ने मिलकर उस पर रॉड से हमले का प्रयास कर चेतावनी दी।

- लोहे की रॉड से हमला करने का आरोप



नारनौल। राज्यमंत्री परिवार के साथ गायों की सेवा करते हुए।

## गोसेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं, सच्चे मन से की सेवा कभी व्यर्थ नहीं जाती

**नारनौल।** हमारे शास्त्रों के अनुसार गोसेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है, सच्चे मन से की गई गोसेवा कभी व्यर्थ नहीं जाती। यह बात राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने अपने परिवार सहित पहुंचकर मंगलवार को अपनी माता स्वर्गीय कृष्णा देवी की प्रथम पुण्यतिथि पर शहर की उपचार व अनाथ गौशाला में गायों की सवामणी आयोजित कर कही। यादव ने अनाथ गौशाला में गायों को गुड़, मूली व अन्य सब्जियों खिलाने के साथ ही पक्षियों, खरगोश को भी दाना-पानी डाला। उन्होंने कहा कि गायों की सेवा करने से अपने दिवंगत पूर्वजों की आत्मा को शांति मिलती है। वे उनको सच्ची श्रद्धांजलि पहुंचती है। उन्होंने कहा कि मां शब्द से बढ़कर इन संसार में कुछ भी नहीं है। मां का दर्जा सबसे बड़ा माना गया है।

## विकास कार्य शुरू करने व मांगों को लेकर का सीएम को भेजा ज्ञापन

# नपा में जेई व एमई की स्थायी नियुक्ति की मांग

- शहर में अतिक्रमण हटाने की भी की गई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

क्षेत्र में रूके विकास कार्य शुरू करवाने को लेकर सामाजिक संगठन के लोगों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नाम एसडीएम हर्षित कुमार को एक ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान उन्होंने मांग की है कि नगर पालिका कार्यालय में जेई व एमई की स्थाई नियुक्ति की जाए तथा शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण को हटाया जाए। सौंपे गए ज्ञापन में उन्होंने कहा कि महेंद्रगढ़ में जिला मुख्यालय खोला जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को अपने सरकारी कार्य के लिए नारनौल न जाना पड़े। जिला मुख्यालय महेंद्रगढ़ में नहीं होने से आमजन को धन और समय की बर्बादी हो रही है। इसके अलावा बस स्टैंड पर सब डिपो भवन तीन साल से बनकर तैयार खड़ा है।



महेंद्रगढ़। एसडीएम हर्षित कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

अगर सब डिपो चालू हो जाए तो सभी ग्रामीण रूटों, लंबी दूरी व तीर्थ स्थानों के लिए परिवहन सुविधा महेंद्रगढ़ बस स्टैंड से ही मिलनी शुरू हो जाएगी। इसके अतिरिक्त आईएमटी खुडाना का कार्य जल्दी शुरू किया जाए, ताकि यहां के लोगों को रोजगार के लिए दूर दराज न जाना पड़े। इसके अलावा महेंद्रगढ़ शहर में नौ सालों से कोई भी विकास कार्य नहीं हुआ है। विकास कार्य नहीं होने से शहर की सभी सड़कें टूट चुकी है तथा स्ट्रीट लाइट खराब होने से शाम होते ही शहर अंधेरे में डूब जाता है। इसलिए महेंद्रगढ़.शहर में विकास कार्य जल्द शुरू करवाए जाए।

इसके अलावा नगर पालिका कार्यालय में स्थाई जेई व एमई की नियुक्ति की जाए ताकि शहर में विकास कार्य हो सके। पूरे शहर में अतिक्रमण बढ़ रहा है, इसलिए दोनों अधिकारियों की स्थाई नियुक्ति जल्द की जाए। महेंद्रगढ़ शहर के चारों तरफ फोरलेन व बाईपास बनाया जाए ताकि शहर को जाम से मुक्ति मिल सके। इसके अलावा हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में मेडिकल कॉलेज खोला जाए, ताकि लोगों को अपने इलाज के लिए दूर न जाना पड़े। इस मौके पर समाजसेवी रामनिवास पाटोदा, धर्मपाल नंबरदार, संजय राव रिवासा, यादव सभा के प्रधान अभय सिंह यादव, अधिवक्ता रमेश बोहरा, ब्रह्मानंद, ब्रह्मा जांगड़ा, विनोद तंवर पाली, करण सिंह, अधिवक्ता योगेंद्र, मदन लाल प्रजापत, सरपंच संजय तंवर व अशोक वर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



नारनौल। पूर्व सैनिक ज्ञानस्वरूप भारद्वाज से मिले राज्यमंत्री।

## राज्यमंत्री ने घर जाकर पूछा पूर्व 83 वर्षीय पूर्व सैनिक ज्ञान स्वरूप का हाल

**नारनौल।** राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव सोमवार रात 83 वर्षीय पूर्व सैनिक ज्ञानस्वरूप भारद्वाज का हालचाल पूछने अचानक उनके घर पहुंचे गए। यहीं नहीं, राज्यमंत्री अपनी गाड़ी भी दूर खड़ी कर पैदल ही उनके घर पहुंचे। घर में राज्यमंत्री को देख सभी आश्चर्यचकित रह गए। राज्यमंत्री को सम्मुख देख पूर्व सैनिक भारद्वाज भी प्रसन्नचित हो गए। राज्यमंत्री ने भारद्वाज से कहा कि आज एक कार्यक्रम में बुजुगार्ें का सम्मान किया गया और उसी समय आपकी भी याद आ गई सो वह आपसे मिलने चले आए। राज्यमंत्री ने कहा कि उन्हें पता चला कि आजकल आपकी तबीयत ठीक नहीं है और कुछ दिन जयपुर में भी उपचार चला। अब भगवान आपको जल्दी स्वस्थ करें।

## खबर संक्षेप



### पैक्स कर्मचारी आज करेंगे सीएम आवास का घेराव

**कुरुक्षेत्र।** मंगलवार को पैक्स कर्मचारी महासंघ हरियाणा के कर्मचारियों की एक बैठक शाहाबाद पैक्स में सम्पन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता कर्मचारी मंजीत सिंह ने की। बैठक के बाद हरियाणा सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए कर्मचारियों ने बुधवार को करनाल में मुख्यमंत्री का घेराव करने बारे कहा। मंजीत सिंह ने बताया कि हरियाणा में सभी पैक्स कर्मचारी सरकार की नीतियों से परेशान है और इससे पहले 19 दिसंबर को पंचकूला में हरियाणा के सभी पेक्स कर्मचारियों ने रोष प्रदर्शन किया था।

### चोरों ने सूने घर से चुराई 25 हजार की नकदी

**यमुनानगर।** शहर की सत्यम विहार जोगिंदर नगर कॉलोनी से चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर 25 हजार रुपये की नकदी तथा चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के सदस्य घर का ताला लगाकर सरहिंद पंजाब गुरुद्वारा साहिब में माथा टेकने के लिए गए थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### नपा ने रादौर में चलाया विशेष सफाई अभियान

**रादौर।** नगरपालिका की ओर से मंगलवार को कस्बे में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान नपा सचिव सुरेंद्र मलिक की देखरेख में कस्बे के कॉलेज रोड पर जेसीबी मशीन से सड़क किनारे पड़ी गंदगी की सफाई करवाई गई। नपा सचिव सुरेंद्र मलिक ने बताया कि कस्बे में गलियों व नालों की विशेष साफ-सफाई करवाई जा रही है।

### 80 पूडिया गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर के मनमोहन नगर एरिया से पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोप में मनमोहन नगर के रामचंद्र को 80 पूडिया गांजा सहित काबू किया है। अब पुलिस ने आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है।

### मादक पदार्थ के साथ तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने भारत नगर काबड़ी रोड पर नशा तस्कर ओमपाल पुत्र खिलाराम निवासी गांव काबड़ी जिला पानीपत को 1 किलो 35 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि आरोपी ओमपाल के खिलाफ थाना पुराना औद्योगिक में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## पिछले कई दिन से कंपकपाती ठंड ने जनजीवन किया अस्तव्यस्त

# घने कोहरे व शीतलहर से ठिठुरे लोग

**मंगलवार को तीसरे दिन भी शीतलहर चलने और घना कोहरा छाए रहने से लोग ठंड में ठिठूरे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में पिछले कई दिन से शीतलहर चल रही है और घना कोहरा छाए रहने से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। मंगलवार को तीसरे दिन भी अल सुबह से लेकर दोपहर तक घना कोहरा छाया रहा। आलम यह रहा कि घना कोहरा छाए रहे व शीतलहर चलने से मौसम में बनी हाड़तोड़ ठंड़ ने लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया। दोपहर बाद ही सूर्य देव के दर्शन हुए और लोगों ने धूप तापकर ठंड से राहत की सांस ली। वहीं, घना कोहरा पड़ने से जिले का तापमान गिरकर न्यूनतम मात्र छह डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।



यमुनानगर। मंगलवार को सुबह के वक्त घने कोहरे के बीच सड़कों पर रेंगते वाहन।

### बाजारों में ग्राहकों की कम रही आवक

पिछले कई दिन से पड़ रही ठंड की वजह से बाजारों में ग्राहकों की कमी दर्ज की गई है। मंगलवार को भी बाजारों में ग्राहक कम संख्या में पहुंचे। जिससे दुकानदारी ठंडी रही। दुकानदार विक्रांत, सुनील, अमित सैनी व विशाल आदि ने बताया कि पिछले कई दिन से मौसम काफी खराब चल रहा है। जिसकी वजह से बाजारों से ग्राहकों की रौनक गायब है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को जिले में जहां दोपहर तक घना कोहरा छाया रहा, वहीं, दिन भर शीत लहर चलने से लोग घरों से बाहर नहीं निकले। कुछ ही ग्राहकों ने खरीददारी करने की हिम्मत जुटाई।

### घने कोहरे में वाहनों की हुई रफ्तार कम

मंगलवार अलसुबह तीन बजे से ही जिले में घना कोहरा छा गया था और शीतलहर चल रही थी। वहीं, दोपहर एक बजे तक आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और शीतलहर चलने से मौसम में हाड़तोड़ ठंड बनी रही। दोपहर एक बजे के बाद किसी तरह सूर्यदेव के आगे से धुंध के बादल छंटने लगे और हल्की-हल्की धूप निकली। धूप निकलने पर लोगों ने घरों से बाहर निकलकर किसी तरह अपने कामकाज निपटाए। मगर शाम चार बजे फिर से धूप गायब हो गई और लोग अपने गंतव्यों की रुख करने लगे। खास बात यह रही कि दोपहर तक जहां ट्रेने अपने निर्धारित समय से आधा से दो घंटा देरी से पहुंची। वहीं, बसों की रफ्तार भी धीमी रही और वह अपने गंतव्य पर देरी से पहुंची।

### तापमान घटने से ठंड ने छुड़वाई कंपकपी

मंगलवार को मौसम में अधिक ठंड बढ़ने से जिले का न्यूनतम तापमान घटकर न्यूनतम छह डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रह गया।

## कोहरे की चादर में लिपटा शहर, जनजीवन अस्त व्यस्त



कुरुक्षेत्र। आसमान में छाई कोहरे की चादर।

**कुरुक्षेत्र।** मंगलवार को दोपहर तक शीतलहर चलने के साथ ही घना कोहरा छाया रहा। इस कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। शीतलहर चलने के कारण कड़ाके की सर्दी पड़ने से लोगों को अलाव का सहारा लेना पड़ा। सुबह के समय लोग नींद से जागे तो उन्हें अंधेरे-सा अहसास हुआ। वाहन चालकों को दिन के समय भी हेडलाइट जलाना पड़ी। कोहरा इतना अधिक रहा कि आस-पास के मकान भी धुंधले दिखाई दे रहे थे। कपंकपाती सर्दी से बचने के लिए गलियों, चौराहों के साथ ही लोगों ने दुकानों के सामने अलाव जलाकर आग तापते रहे। सर्दी का प्रभाव इतना अधिक था कि गर्म कपड़े पहनने के बाद भी लोगों को ठंड से छुटकारा नहीं मिल पा रहा था। अलाव जला कर सर्दी से निजात पाने का प्रयास किया गया। ठंड के साथ धुंध लगातार बढ़ती जा रही है। हवा में ठिठुरन से हाड़ कंपाऊ ठंड से लोग परेशान हो रहे हैं। साथ पड़ रहा कोहरा भी कहर ढाने लगा है। सर्दी की अधिकता के चलते वाहन चालकों को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ी। हालांकि यह कोहरा किसानों के लिए फायदेमंद बताया जा रहा है। लेकिन दूसरी तरफ धुंध के चलते दृश्यता काफी कम रही। इसके चलते वाहनों की रफ्तार धीमी रही। सड़कों पर वाहन सवार लाइट जलाकर चलते नजर आए। दोपहर 12 बजे तक कोहरा छाया रहा। सुबह अपने कामकाज पर जाने वाले लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। उधर, बाजारों में सुबह सर्दी के चलते दुकानें काफी देरी से खुली। दुकानदारों ने सुबह सर्दी से बचाव के लिए अलाव का सहारा लेना पड़ा। वहीं सर्दी के प्रभाव को देखते हुए बाजारों में गर्म कंबलों, कोट, गर्म जैकेट, जर्सी की भी मांग बढ़ गई है। गौरतलब है कि कोहरे के चलते ठंडक बढ़ गई है। सुबह से समय लोग गर्म कपड़ों में लिपटे हुए दिखाई दिए। दोपहिया वाहन चालक जब अपने गंतव्य पर पहुंचे तो उनके कपड़ों पर भी कोहरा जम गया था। दोपहर 12 बजे कोहरा हटा और इसके बाद हलकी धूप निकली।



इंद्री। गांव मटकमाजरी के पास बन रहे निर्माणाधीन शौरूमो पर चलता पीला पंजा।

## योजनाकार विभाग की टीम ने चलाया पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

जिला योजनाकार विभाग की टीम ने मंगलवार को इंद्री में पहुंचकर अवैध रूप से बने निर्माणाधीन चार शोरूमों व एक अवैध कॉलोनी में बनी मकान की नींव को पीले पंजे की सहायता से ध्वस्त कर दिया। डीटीपी ओमप्रकाश व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर नगरपालिका इंद्री सचिव धर्मवीर भारी पुलिस बल के साथ इंद्री के मटक माजरी के पास खेड़ा रोड पर पहुंचे और वहां पर अवैध रूप से बनाए जा रहे तीन निर्माणाधीन शोरूमो को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया इसके बाद इन्ही शोरूमो के पीछे बनी एक अवैध कॉलोनी मे निर्माणाधीन मकान की नींव को भी तोड दिया। इस कार्यवाही के बाद डीटीपी अपनी टीम के साथ मुरादगढ रोड पर पहुंचे और वहां पर भी सड़क किनारे एक अवैध रूप से बन रहे निर्माणाधीन शौरूम को ध्वस्त कर दिया। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से इंद्री कस्बे के चारो तरफ धड़ल्ले से अवैध निर्माण का कार्य चल रहा था। जिला योजनाकार विभाग की इस कार्यवाही से अवैध रूप से निर्माण करने वाले लोगों में हडक़ंप मच गया। डीटीपी ओमप्रकाश ने लोगो से कहा कि वे अवैध कलोनियो मे प्लाट न खरीदे क्योकि अवैध कलोनियों मे इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

### 528 नशीले कैप्सूल सहित आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर क्षेत्र के नौरंग तालाब से नशीले कैप्सूलों की तस्करी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी आशीष मल्होत्रा को काबू किया है। अब पुलिस ने उसे दो दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी नशा तस्करी का कार्य करता है। इसके बाद पुलिस ने नौरंग राय तालाब के पास नाकाबंदी कर आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 528 नशीले कैप्सूल बरामद हुए।

## पेयजल की पाइप न डाले जाने के कारण कॉलोनी वासियों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

वार्ड नंबर सात स्थित बालाजी मंदिर वाली गली में पिछले कई वर्षों से पीने की पाइप ना डाले जाने के कारण कॉलोनी वासियों में प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त है। कॉलोनी वासी बार-बार संबंधित विभाग व प्रशासन को इसके बारे में अवगत करवा चुके हैं लेकिन उसके बावजूद भी उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही गुस्साए कालोनी वासियों ने प्रशासन के खिलाफ कॉलोनी में एकत्रित होकर रोष प्रकट किया है।

नीरज कुमारी गणपति, किरण, आशा रानी, अमित, साहिल,पोली देवी, यश, गोल्डी नर्मिला व रविता आदि ने बताया कि उनकी कॉलोनी का ज्यादातर हस्सिा एप्रूव्ड हो चूका है। कॉलोनी में मात्र एक दो गालियां ही ऐसी है जो अनुप्रूड है। जन स्वास्थ्य विभाग की ओर से पिछले दिनों इन कॉलोनी में पीने के पानी हेतु पाइप डाल दिया था। लेकिन बालाजी मंदिर वाली गली व इसके एक साथ लगती गली में पाइप नहीं डाला गया। इसके बारे में उन्होंने संबंधित विभाग से कई बार पत्र व्यवहार भी किया व सीएम विंडो के माध्यम से भी प्रदेश सरकार से आग्रह किया। लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक इन दोनों गलियों में पीने के पानी की पाइप डाली नहीं गई है।जिसके चलते इन दोनों गली के निवासियों को पानी की एक बाल्टी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है।

## 400 करोड़ के कर्ज में डूबी शुगर मिल को अटैच करने आदेश

- विरोध में उतरी किसान यूनियनें, एसडीएम ऑफिस में धरने का ऐलान, फसल लोन के 35 करोड़ भी डकारने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कर्ज में डूबी बनौंदी शुगर मिल को अटैच करने के आदेश जारी हो चुके हैं। अदालत के इन आदेशों के बाद वे किसान परेशान हैं जिनका करोड़ों रुपये का भुगतान मिल की ओर बकाया है। ऐसे में अब किसान मिल को अटैच करने के विरोध की तैयारी कर रही हैं। किसान यूनियनों ने बुधवार को एसडीएम ऑफिस के सामने धरने का ऐलान किया है। किसानों का कहना है कि अगर मिल कुर्क हो गई तो उनका बकाया भुगतान डूब जाएगा। किसान इन लंबित भुगतान के लिए धरने प्रदर्शन कर रहे हैं। हालांकि कर्ज में डूबी मिल किसानों की इस पेमेंट का भुगतान नहीं कर पा रही है।

- किसानों के 70 करोड़ फंसे



### 6000 किसानों का 70 करोड़ बकाया

बनौंदी शुगर मिल की ओर से 6000 से ज्यादा किसानों का करीब 70 करोड़ रुपये बकाया है। पिछले लंबे समय से

### फसल लोन के 35 लाख डकारे

2014 में राज्य सरकार की ओर से फसल लोन की योजना आई थीद्ध योजना के मुताबिक कोई भी गन्ना उत्पादक किसान शुगर मिल की गारंटी पर 3 लाख तक का क्रॉप लोन ले सकता है। इस योजना का फायदा शुगर मिल ने उठाया। उसने किसानों को बहला फुसलाकर 600 से अधिक किसानों के नाम पर दो बैंकों से 35 करोड़ से अधिक का लोन ले लिया।

### जेल की हवा खा रहे हैं मालिक

चीनी मिल को डूबोने में काफी हद तक मालिक राहुल आनंद व सहयोगियों का भी हाथ है। आरोप है कि राहुल आनंद ने कई अलग-अलग कंपनियां बनाकर सहयोगियों के साथ मिलकर एनएसईएल में 122 करोड़ का घोटाला किया है। 3 साल पहले हरको बैंक के जीएम की शिकायत पर शहजादपुर पुलिस ने राहुल आनंद पर केस दर्ज किया था।

### 400 करोड़ के कर्ज में डूबी मिल

बनौंदी शुगर मिल 400 करोड़ के कर्ज में डूबी है। पता चला है कि मिल की ओर हरको बैंक के करीब 120 करोड़, इरेडा के 200 करोड़ व किसानों के 70 करोड़ की रकम बकाया है। मिल घाटे में होने की वजह से हर साल यह रकम बढ़ती है। बढ़ते कर्ज की वजह से मामला अदालत में चला गया। इसी वजह से अदालत ने मिल को कुर्क कर बकाया भुगतान के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष भी किसानों ने कुछ दिन हपले ही मिल की ओर किसानों के बकाया गन्ने के भुगतान का जिक्र किया था। तब मुख्यमंत्री ने कहा था कि शुगर मिल निजी है।

## चीनी मिल के कुर्क होने के लिए सरकार जिम्मेदार

### प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर ने राज्य सरकार पर बोला हमला

- पिछले 9 वर्षो से सरकार शुगरमिल पर आंख कान बंद करके बैठी रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



बनौंदी शुगर मिल के अटैच होने को लेकर अब प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षो से सरकार शुगरमिल पर आंख कान बंद करके बैठी रही। किसान की जीवन रेखा पर कुर्की की नौबत आ गई। उन्होंने कहा कि 2014 में हाईकोर्ट में नेशनल स्पॉट एक्सचेंज लिमिटेड ने केस दायर किया था जिसमें अन्य के अलावा नारायणगढ शुगरमिल मिल भी पक्षकार थी। सिविल रिट पिटीशन में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश को इस मामले में रिटायर्ड जस्टिस की अगुवाई में सुप्रीम कमेटी का गठन कर दिया था ।उन्होंने कहा कि सुप्रीम कमेटी ने अपने आदेश दिनांक 24 अगस्त 2023 को शुगर मिल की संपतियों को अटैच कर दिया। 30 सितंबर 2019 की एसडीओ सिविल शुगर मिल की सीईओ भी है ने कैन कमश्निर को पत्र लिख इस सारे मामले से अवगत करते हुए एडवोकेट जनरल से कानूनी सलाह लेने के लिए लिखा लेकिन सरकार ने आंखे मुंदे रखी। कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि यदि यह मिल कुर्क हो जाती है तो मिल से जुड़े लगभग 7 हजार किसानों को भारी नुकसान होगा।

## जरुरतमंदों को कंबल वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सर्दी के मौसम से बचाव के लिए श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान एवं प्रमुख समाजसेवी सत्य प्रकाश गुप्ता ने अपने परिजनों के सहयोग से लाला हरि चंद रविंद्र कुमार चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से नई अनाज मंडी में सैकड़ों जरुरतमंदों को गर्म कंबल तथा गर्म कपड़े वितरित किए। सत्य प्रकाश गुप्ता के साथ विनय गुप्ता, शीशपाल सिंगला, हंस राज सिंगला प्रधान श्री कृष्ण कृपा गौशाला, राज कुमार मित्तल, अशोक गर्ग व अंशुल बंसल सदस्य कार्यकारिणी, राजेश सिंगला प्रदेश महासचिव अग्रवाल वैश्य समाज, कपिल मित्तल कोषाध्यक्ष श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत, हरविंद्र बंसल व चत्तर सिंह इत्यादि ने तीन सौ से अधिक लोगों को गर्म कंबल दिए। विनय गुप्ता ने बताया कि सत्य प्रकाश गुप्ता ने छोटे भाई स्वर्गीय रविन्द्र गुप्ता की स्मृति में उनकी पुण्यतिथि पर कंबल वितरित किए। इसके उपरांत विशाल भंडारे में सैंकड़ों लोगों को भोजन करवाया गया।

## हिंदू धर्म में सुंदरकांड पाठ का विशेष महत्व

- श्रीमहेश्वर हनुमान मंदिर सेक्टर 13 में सुंदर कांड पाठ का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। प्रभु श्रीराम का गुणगान करते हिंदू सिख एकता के प्रतीक बजरंगी सरदार कुलवंत सिंह भट्टी।

श्री महेश्वर हनुमान मंदिर सेक्टर 13 में श्री बजरंग बालाजी दरबार द्वारा सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। इसमें छत्तीसगढ़, हरियाणा, दिल्ली सहित अन्य राज्यों से संगत पहुंची। इस दौरान हिंदू सिख एकता के प्रतीक बजरंगी सरदार कुलवंत सिंह भट्टी ने हनुमान जी की सुंदर झांकी प्रस्तुत की और प्रभु श्रीराम के भजन गाए। भट्टी ने कहा कि मेरे व मेरे परिवार पर हनुमान जी की अपार कृपा है। जो मुझे प्रभु श्रीराम की कृपा से हनुमानजी का रूप मिला हुआ है। हनुमान जी सदैव उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते रहते है। श्रीबजरंग बालाजी दरबार के संयोजक बजरंग दास ने कहा कि सुंदर कांड का पाठ करने से प्रभु श्रीराम जी की कृपा होती है। हिंदू धर्म में सुंदरकांड पाठ का विशेष महत्व होता है। मान्यताओं के अनुसार जो भी व्यक्ति नियमित अंतराल में घर पर सुंदरकांड का पाठ करता है उसे बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

## करोड़ा अब स्ट्रीट लाइटों से जगमगाएगा : गोलन

- विधायक रणधीर गोलन ने 45 लाख रुपये से गांव करोड़ा में स्ट्रीट लाइटों का किया उद्घाटन

**पूंडरी।** विधायक रणधीर गोलन ने कहा कि हलके में करोड़ों रुपये की धनराशि से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। अब गांव में ही लोगों को शहर जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। रात के समय में जैसे लाइटों से शहर जगमग रहते हैं, वैसे ही इसी तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्र भी लाईटों से जगमग होने लगे। यह सब हलके वासियों के आशीर्वाद से हो पाया है। विधायक रणधीर गोलन मंगलवार को गांव करोड़ा में 45 लाख रुपये की धनराशि से स्ट्रीट लाइटों का उद्घाटन करने उपरांत बोल रहे थे।

गांव करोड़ा में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। विधायक रणधीर गोलन ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हलके में विकास कार्य मंजूर करवाए जा रहे हैं। लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाता है। ग्रामीण यदि सामुहिक मांगों को मेरे समक्ष रखते हैं तो उन्हें तुरंत मुख्यमंत्री मनोहर से मंजूर करवाया जाता है। पूंडरी हलके में बहुत से गांवों में सामुदायिक भवनों का निर्माण करवाया गया है तथा कई गांवों में सामुदायिक भवन पर कार्य चल रहा है। कहा कि बिजली, पानी, स्वास्थ्य व अन्य मूलभूत सेवाओं का लाभ ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में प्रदान किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि वास्तव में ही विधायक रणधीर गोलन का काम करवाने की क्षमता में कोई मुकाबला नहीं हैं। पूरे हरियाणा में एकमात्र पूण्डरी हल्का है जहां सबसे ज्यादा ग्रांट विधायक ने सरकार से लाने का काम किया।

### सफाई कर्मियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**जींद।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर मंगलवार को सफाई कर्मियों ने शहर में प्रदर्शन किया और मांगों को लेकर ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व यूनियन के जिला कार्यकारी प्रधान ईश्वर सिंह ने किया।

प्रदर्शन से पहले ग्रामीण सफाई कर्मियों को संबोधित करते हुए यूनियन के जिला सचिव पवन कुमार ने बताया कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को जिला में अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को समय पर मानदेय नहीं दिया जा रहा है। बड़ी संख्या में जिले के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का अक्टूबर महीने का भी मानदेय जारी नहीं हुआ है जबकि अभी हाल में पंचायत विभाग की ओर से बकाया वेतन जारी करने का लेटर भी जारी हो चुका है। इस महंगाई में एक-एक दिन काटना मुश्किल हो रहा है लेकिन स्थानीय अधिकारी सफाई कर्मचारियों की कोई सुध नहीं ले रहे हैं। इसके इलावा ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के ईएसआई कार्ड आजतक जारी नहीं हुए हैं। जिला में कई ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मौत हो चुकी है लेकिन आजतक उसके परिवार को सरकार की तरफ से कोई मुआवजा नहीं मिला है।

## गणेशपुर में साहिबजादों के शहीदी दिवस पर कार्यक्रम

हरिभूम न्यूज ▶▶| शहजादपुर

गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह व फतेह सिंह के धर्म की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए वीर बाल दिवस पर गांव गणेशपुर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला परिषद चेयरमेन राजेश कुमार लाडी ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि साहिब-ए-कमाल गुरू गोबिंद सिंह महाराज और माता गुजर कौर की शहीदी को कभी भुलाया नहीं जा सकता हैं। इस अवसर पर जिला परिषद.के पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र राणा भी मौजूद रहे। लाडी ने कहा कि यह हम सबकी जिम्मेवारी है कि हम साहिबजादों का जीवन संदेश हर बच्चे तक पहुंचाए, जिससे की बच्चे उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश का एक अच्छा नागरिक बन सकें।

## स्कूल शिक्षा के मंदिर, पढ़ने वाले समाज की अमूल्य धरोहर

- संत मनदीप दास ने एसडीएम के साथ स्कूली छात्रों को यूनिफोर्म वितरित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय सिरसगढ़ में यूनिफॉर्म वितरण समारोह का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संत मनदीप दास की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। समारोह में अति विशिष्ट मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम बलविंदर सिंह हांडा व सरपंच रामनाथ मौजूद रहे । यहां अपने संबोधन में संत मनदीप दास ने कहा कि स्कूल शिक्षा के मंदिर है। इनमें पढ़ने वाले विद्यार्थी समाज की अमूल्य धरोहर हैं। संत मनदीप दास ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर ने भी शिक्षा के ऊपर जोर दिया है । साथ ही कहा की बच्चों को शिक्षा संबंधित जरूरतों का ख्याल रखना शिक्षकों के साथ समाज की भी जिम्मेदारी है इसलिए छात्रों की मदद करने से बेहद आत्मिक खुशी मिलती है।एसडीएम बलविंदर सिंह हांडा ने छात्रों को स्कूली वर्दी प्रदान करने पर संत मनदीप दास महाराज का आभार एवं धन्यवाद जताया । एसडीएम ने कहा कि संत मनदीप दास ने स्कूली छात्रों को जरुरत का सामान उपलब्ध करवाकर नेक काम किया है। उन्होंने दूसरे लोगों से भी ऐसी सेवा में अपनी आहुति देने की बात कही। इस मौके पर श्री गुरू रविदास धर्म अस्थान मंदिर सिरसगढ़ के प्रधान अमित मल , रमेश कुमार धीन एवं कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद रहें ।



अंबाला। स्कूली छात्रों को यूनिफोर्म का वितरण करते संत मनदीप दास व एसडीएम बलविंद्र हांडा। फोटो :हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### जोरावर व फतेहसिंह की नीडरता प्रेरणादायक

**नांगल चौधरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा मंडल प्रधान पूर्णचंद गोठड़ी की अगुवाई में वीर बाल दिवस मनाया गया। जिला प्रधान दयाराम यादव बतौर मुख्य वक्ता मौजूद रहे। उन्होंने युवाओं को साहसी बच्चे जोरावर सिंह व फतेहसिंह की जीवनी से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में सनातन धर्म का समावेश है।

### पूर्णिमा पर धनौंदा आश्रम में किया हवन

**कनीना।** मनुष्य को जीवन में नेक कर्म करते हुए अपनी कमाई का दसवां हिस्सा दान-पुण्य में लगाना चाहिए। संत अनुराग देव ने मंगलवार को पूर्णिमा के अवसर पर स्वामी कृष्णानंद आश्रम धनौंदा में हवन में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कही।यजमान के रूप में जयवंत सिंह व उनकी पत्नी मीना देवी उपस्थित रहे।

### तीन दिवसीय सामवेद परायण महायज्ञ संपन्न

**नारनौल।** महर्षि दयानंद की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में आर्य समाज धनौंदा के वेद मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय सामवेद परायण महायज्ञ का समापन सामवेद के कुल 1975 मंत्रों से यज्ञ में आहुति प्रदान कर किया गया। समापन पर ठाकुर अतरलाल, प्रधान इंद्रलाल शर्मा, कैलाश गोयल, संतलाल आर्य, धर्मगुरु पंडित ब्रह्मदेव आर्य मौजूद रहे।

### यदुवंशी में तुलसी दिवस व क्रिसमस डे मनाया

**सतनाली मंडी।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन के प्रांगण में क्रिसमस डे व तुलसी दिवस पर बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बच्चों ने सांता क्लॉज की ड्रेस में अन्य रंग बिरंगे कपड़े पहनकर कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। साथ ही सभी विद्यार्थियों ने तुलसी दिवस के मौके पर तुलसी के पौधे की पूजा अर्चना की व अपने घर पर तुलसी का पौधा लगाने का वचन लिया।

### मनोज बने प्रदेश ब्राह्मण खाप के उपाध्यक्ष

**महेंद्रगढ़।** ब्राह्मण सभा के परशुराम भवन में आयोजित कार्यक्रम में ब्राह्मण खाप हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा ने मनोज गौतम को ब्राह्मण खाप हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी। अशोक शर्मा ने बताया कि हरियाणा में पहली बार ब्राह्मण समाज के सभी 22 जिलों की अग्रणी संस्थाओं ने करनाल में इकठ्ठा होकर ब्राह्मण खाप हरियाणा का गठन किया है। गौरतलब है कि अब से पहले कोई ब्राह्मण खाप प्रदेश स्तर का संगठन नहीं था।



### ज्ञानदीप में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित

**महेंद्रगढ़।** सुरजनवास स्थित बीआर ज्ञानदीप स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता हुई। ऑब्जर्वर उमेश यादव ने बताया कि फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में कक्षा किड्स से कक्षा पांचवी तक के लिए किया गया। दूसरी कक्षा की छात्रा अंशु ने रानी लक्ष्मीबाई, कक्षा तीसरी की छात्रा महक बनी मीरा शीतल ने सीता और चौथी कक्षा के छात्र दक्ष ने फौजी की भूमिका निभाईए।



### छात्र योगेश को विद्यालय में किया सम्मानित

**महेंद्रगढ़।** सदासुख मैमोरियल स्कूल के छात्र योगेश का आईआईटी मैडरस में चयन होने पर सम्मान समारोह किया। योगेश व उनके पिता अनिल कुमार को सम्मानित किया। मैनेजिंग डायरेक्टर एडवोकेट विनय यादव ने कहा कि ग्रामीण आंचल में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। सही प्लेटफॉर्म मिल जाए तो वह प्रतिभाएं देश में उच्च पदों पर अपनी सेवाएं प्रदान कर सकते हैं।

## किसानों और मजदूरों के आर्थिक उत्थान के लिए संकल्प यात्रा

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से हो रहा हर वर्ग का भला

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा मंगलवार को खंड के गांव धरसूं व महरमपुर, नांगल चौधरी खंड के गांव दौखेरा व भेडंटी, कनीना खंड के गांव ईसराना व कपुरी तथा महेंद्रगढ़ खंड के कुक्सी व गुलावला गांव में पहुंची। इस अवसर पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। गांव धरसूं, दौखेरा व भेडंटी में भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव व महरमपुर में विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा के जिला संयोजक अरुण मंढाणा, ईसराना में पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव व कपुरी में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजीत कलवाड़ी तथा कुक्सी व गुलावला गांव में एसईपीओ अशोक कुमार ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। सभी मेहमानों ने प्रशासन की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दयाराम यादव ने कहा कि विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा गरीब, किसान व मजदूरों के आर्थिक उत्थान के लिए चलाई गई है। अब तक जो नागरिक सरकार की सेवाओं व योजनाओं से वंचित रह गए थे, उनके लिए सरकार ने यह बहुत अच्छा अवसर उपलब्ध करवाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकारें जनकल्याण की दिशा में अच्छा कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इन कैंपों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आमजन अपने परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड व अन्य समस्याओं का समाधान करवाएं। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूक करना व योजनाओं का आमजन को घर पर ही लाभ मुहैया करवाना है। पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा रहा है। विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के माध्यम से घर बैठे ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सरकार ने शासन में पारदर्शिता व जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं को निरंतर धरातल पर उतार रही है। उन्होंने कहा कि हम सभी ने विकसित भारत का संकल्प लिया है और यह संकल्प एक शब्द मात्र नहीं है, बल्कि देश के करोड़ों गरीबों को सबके बराबर लाने का एक पुनीत विचार है। इस अवसर पर कन्या के जन्म पर कुआं पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ दिया।



नारनौल। विकसित भारत की शपथ दिलाते बीजेपी जिला अध्यक्ष दयाराम यादव।



महेंद्रगढ़। विकसित भारत की शपथ दिलाते सरपंच। फोटो : हरिभूमि

### आज इन गांवों में जाएगी विकसित भारत जन संवाद यात्रा का संकल्प आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र

आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को लेकर चल रही विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा 27 दिसंबर को नारनौल खंड के गांव कांवी व खानपुर, नांगल चौधरी खंड के गांव दोस्तपुर व सैदलीपुर, कनीना खंड के गांव खैराना व कोका तथा महेंद्रगढ़ खंड के नानगवास व नांगल सिरोही गांव में जाएगी। जिला प्रशासन ने इन गांव में सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर ली है, ताकि लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजना व सेवाएं लेने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

### विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा गांव कुक्सी व गुलावला पहुंची

**महेंद्रगढ़।** विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा मंगलवार को गांव कुक्सी व गुलावला पहुंची। इस मौके पर विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं के लिए पंजीकृत किया। इस यात्रा में एसईपीओ अशोक कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कुक्सी गांव में सरपंच अनिल कुमार ने नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। गुलावला गांव में सरपंच मुकेश ने नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। एक्सइन प्रदीप यादव ने गांव में हर घर जल पहुंचाने पर गांव कुक्सी के सरपंच अनिल कुमार को व जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से बीआरसी अनीता भाटी ने गुलावला की सरपंच मुकेश को अभिनंदन पत्र दिया। सरपंच अनिल कुमार ने सबसे बुजुर्ग पुरुष हरफूल, मोरमुकुट व ओमप्रकाश व सबसे बुजुर्ग महिला कमला देवी, रामप्यारी व राजकोर को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। गांव के स्कूल के टॉपर बच्चे वंशिक, नायरा, चींटू, शिवम, ऋषि कुमार, मोनिका, संजनी, प्रियांशु, बॉबी व कमल को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। गांव गुलावला में सरपंच मुकेश ने सबसे बुजुर्ग पुरुष बलबीर व सबसे बुजुर्ग महिला हरबाई व श्योकोरी को सम्मानित किया। गांव के स्कूल के टॉपर बच्चे विवेक, विनय, हिमांशु, निधि यादव, चाहत, चेतन, सुहाना, बलेश, खुशी यादव व प्रिया को सम्मानित किया।



### इंडस वैली में मनाया और क्रिसमस-डे

**महेंद्रगढ़।** इंडस वैली पब्लिक स्कूल दौंगड़ा अहीर प्राथमिक बच्चों द्वारा तुलसी दिवस व क्रिसमस दिवस मनाया गया। बच्चे भिन्न-भिन्न पोशाकों में तैयार होकर विद्यालय आएं। विद्यार्थियों ने कविताओं व गायन के माध्यम से प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। इस दौरान सांता बनकर आएं बच्चों ने उपहार बांटे। इस अवसर पर संस्था चेयरमैन धर्मेन्द्र यादव, वाइस चेयरमैन विजय सिंह यादव, निदेशक केसी यादव, प्राचार्य जयवीर सिंह यादव, उप प्राचार्य वीरसिंह यादव व प्राथमिक मुख्याध्यापक नरेंद्र सिंह एवं सभी अध्यापकों ने बच्चों को शुभकामना देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### हैप्पी एवरग्रीन स्कूल में वीर बाल-दिवस पर कार्यक्रम

**महेंद्रगढ़।** हैप्पी एवरग्रीन स्कूल में वीर बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल ने सरस्वती मां व तेगबहादुर के चित्र पर पुष्पार्पित करके किया। संस्था प्राचार्य ने गुरु तेगबहादुर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सिक्खों के नौवें गुरु तेगबहादुर सिंह के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके बताए अनुसार त्याग व बलिदान का जीवन जीना चाहिए। शिक्षक राजेश यादव ने भी अपने विचार प्रकट करते हुए गुरु तेगबहादुर सिंह व गुरु गोविंद सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला। गुरु तेगबहादुर सिंह व गोविंद सिंह के अदम्य साहस व उनकी शौर्य शक्ति का परिचय देते हुए उनके जीवन के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। सातवीं कक्षा की छात्रा रिया व हिमांक्षी ने 'ये जिन्दगी की कहानी है' ओजपूर्ण वाणी में कविता सुनाकर सबकी वाहवाही लूटी। प्रबंधक मनीष अग्रवाल, मैनेजर चंचल अग्रवाल ने बताया कि हमारे देश में महान पुरुषों की कमी नहीं है। संस्था चेयरमैन सुभाष चंद्र अग्रवाल व वाइस चेयरमैन कौशल्या अग्रवाल ने गुरु तेगबहादुर सिंह के सर्व वंश बलिदान को याद किया।



### ज्ञानदीप में जंयती पर शहीद उधम सिंह को किया नमन

**महेंद्रगढ़।** बीआर ज्ञानदीप में वीर शहीद उधम सिंह की जयंती के उपलक्ष्य पर सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोऑर्डिनेटर उमेश यादव व मुख्यातिथि संस्थापक रामसिंह यादव ने की। प्राचार्य रामवीर यादव ने बताया कि विद्यालय में शहीद उधम सिंह की जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों में बच्चों ने खूब रुचि दिखाई। राजनीति विज्ञान प्रवक्ता जितेंद्र यादव ने कहा कि शहीद उधम सिंह ने 21 वषार्ें के बाद जलियांवाला बाग हत्याकांड का जनरल डायर को मारकर बदला लिया। नन्हें- मुन्ने बच्चों ने अपना नृत्य पेश किया। सीनियर विंग के विद्यार्थियों द्वारा भी देशभक्ति से ओतप्रोत भजन व रागनियां पेश की गई। कक्षा आठवीं कोचिंग की छात्रा दीप्ति द्वारा देश भक्ति और एकता पर दिया गया।

### बीआर स्कूल में मनाया तुलसी पूजन और क्रिसमस-डे मनाया

**महेंद्रगढ़।** बीआर स्कूल सेहलंग में तुलसी पूजन व क्रिसमस त्योहार मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन हरीश भारद्वाज, प्राचार्य राममोहन वशिष्ठ व उप-प्राचार्या ज्योति भारद्वाज ने दीप, कलश स्थित कर तुलसी माता की पूजा से किया। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने रंग बिरंगी और सांता क्लाज की पोशाक पहनकर मंच पर उपस्थित हो सब का मन मोह लिया।

प्राचार्य राममोहन वशिष्ठ व चेयरमैन हरीश भारद्वाज ने कहा कि 25 दिसंबर को क्रिसमस के दिन तुलसी पूजन दिवस का मनाया जाना, विभिन्न धमार्ें द्वारा प्रेम, सहिष्णुता और विश्व शांति का संदेश प्रसारित करता है। उन्होंने बच्चों को तुलसी का पौधा लगाने को प्रेरित किया।







### अरावली स्कूल के विद्यार्थियों ने किया प्रतापगढ़ का भ्रमण

**महेंद्रगढ़।** अरावली इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रतापगढ़ झज्जर का भ्रमण किया है। विद्यालय संस्थापक अशोक कुमार यादव ने हरी झंडी दिखाकर भ्रमण करने वाले बच्चों को रवाना किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने हरियाणवी संस्कृति की झलक देखी। बच्चों ने अपने हरियाणवी संस्कृति जैसे खान-पान, दूध-दही, बाजरे की रोटी, पहनावा, पगड़ी, हल चलाना व आधुनिक खेलों जीप लाइन, गोल्फ, टोई रेल यात्रा तथा भारतीय सेना संग्रहालय में फाइटर प्लेन, मिसाइल सहित अन्य हथियारों की जानकारी प्राप्त की। प्राचार्य शक्ति सिंह यादव ने बताया इस प्रकार के भ्रमण से बच्चों में एक नई ऊर्जा का संचार होता है। इससे बच्चों के मानसिक व शारीरिक विकास में सहायक होता है। इस दौरान बच्चों के सहयोग के लिए पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

### बीपीएस स्कूल में हिन्दी विकास का आधार विषय पर भाषण स्पर्धा

**नारनौल।** हिन्दी भाषा के प्रति बच्चों में रूचि एवं लगाव उत्पन्न करने के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा ब्रांच सिंघाणा रोड की ओर से बीपीएस स्कूल के ऑल्ड लाइब्रैरी हॉल में हिन्दी भाषा के संवर्धन एवं विकास के लिए हिन्दी भाषा ही विकास का आधार विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित करके किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में शाखा प्रबंधक पुनित गुप्ता व सह-प्रबंधक बिकेश यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता संस्था वाइस चेयरमैन कमल संघी व सहसचिव डा. कर्ण चौधरी ने की। इस प्रतियोगिता में मिडिल विंग के 26 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने बड़े ही प्रभावी ढंग से उपस्थित दर्शकों को यह समझाने का प्रयास किया कि हमें अंग्रेजी मानसिकता से बहार निकलकर हमारी मातृभाषा हिन्दी के माध्यम से विकास के रास्तें तलाशने चाहिए।





### आकाश एकेडमी में मनाया क्रिसमस-डे

**महेंद्रगढ़।** आकाश एकेडमी में सोमवार को क्रिसमस-डे मनाया गया। क्रिसमस की सजावट जैसे हस्तनिर्मित घंटियां, क्रिसमस कार्ड और सजाए गए पेड़ और स्नोमैन शामिल किए। देवेंद्र बैरावास ने बताया कि यह समय परोपकारी और दयालु होने का समय है। उन सभी चीजों की एक सूची बनाएं जो वे अपने दोस्तों, परिवार या समुदाय के लिए कर सकते हैं। वे अपने माता-पिता के लिए रोजाना सद्भाव का एक कार्य पूरा कर सकते हैं। किसी आवारा जानवर के लिए भोजन उपलब्ध करा सकते हैं। फिर, उन्हें हर दिन कम से कम एक दयालु कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर कृष्ण रिवासा, विकास रामलवास, देवेंद्र बैरावास, बबीता यादव, ज्योति सैनी, कंचन यादव, जगदेव झुंझुनूं, मनोज कुमार, सचिन कुमार, अतर सिंह, खुशविंद्र, आकाश व जसवंत सिंह आदि मौजूद रहे।





### एचपीएस में तुलसी दिवस पर कार्यक्रम

**नारनौल।** नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल में तुलसी पूजन दिवस व भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। संस्था अध्यक्ष मनोज भारद्वाज व प्राचार्य सुनील यादव सहित सभी अध्यापकों ने अटल बिहारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद तुलसी के पौधे की दीप जलाकर पूजा अर्चना की। संस्था अध्यक्ष मनोज भारद्वाज ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि हर बच्चे को अपने घर में एक तुलसी का पौधा लगाना चाहिए व तुलसी पूजन दिवस के अवसर पर एक घी का दीपक तुलसी के पौधे के पास जलाना चाहिए।

### बीएनडी स्कूल में मनाया क्रिसमस-डे

**महेंद्रगढ़।** बीएनडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोदड़ा में क्रिसमस-डे धूमधाम से मनाया गया। सैंटा क्लाज ने आकर बच्चों को उपहार और चॉकलेट दिए। विद्यालय चेयरमैन विजयपाल यादव ने कहा कि यीशु मसीह के जन्मदिन को पूरे विश्व में धूमधाम से मनाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि सांता क्लाज के रूप में यशु मसीह उन्हें आशीर्वाद और उपहार देने स्वयं आते हैं। क्रिसमस का यह उत्सव सभी के बीच आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। हमें आपस में सौहार्द एवं सद्भाव के साथ रहना सीखना है। प्राचार्य हनुमंत शर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर अमित यादव, डायरेक्टर पूनम यादव, वाइस प्रिंसिपल दिनेश कुमार, टीजीटी हेड विकास यादव, पीजीटी हेड अरविंद व किड्जी हेड मंजू यादव मौजूद रहे।





### रामचंद्र स्कूल में क्रिसमस डे और तुलसी पूजन मनाया

**महेंद्रगढ़।** रामचंद्र पब्लिक स्कूल कनीना में क्रिसमस-डे मनाया गया। विद्यालय के छात्रों द्वारा केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसमें कक्षा एलकेजी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया व सुंदर-सुंदर सांता क्लॉस बनाएं। इस दौरान बच्चों ने स्वयं सांता क्लॉस बनकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। तुलसी दिवस के महत्व को भी बढ़ावा दिया। तुलसी मां की पूजा की गई। आरआरसीएम ग्रुपचैयरमेन राव रोशनलाल ने बच्चों को तुलसी पूजा के बारे में बताया तथा तुलसी का हमारे जीवन में क्या महत्व है, उसके बारे में बच्चों को अवगत करवाया। सांता क्लॉस की सुंदर-सुंदर आकृतियां बनाने पर प्रधानाचार्या मनीष यादव व उपप्रधानाचार्य संजीव कुमार व कोआर्डिनेटर रितु यादव ने बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर एक्टिविटी इंचार्ज अनीता यादव, कृष्ण कुमार, सतीश कुमार, सुरेंद्र, विकास, सुनीता, रितु यादव, आकांक्षा, शकील व ममता यादव आदि उपस्थित रहे।

### टैगोर स्कूल में मनाया क्रिसमस-डे

**महेंद्रगढ़।** टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को क्रिसमस-डे मनाया गया। मीडिया प्रभारी मनीष यादव ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यातिथि चेयरमैन डॉ. बीएल यादव व अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. निशा यादव ने की। चेयरमैन डॉ. बीएल यादव ने बच्चों को प्रभु ईसा मसीहा और क्रिसमस के बारे में बताया। इस दौरान विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों के साथ उनकी टीचर भी सैंटा क्लॉज बनकर आई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए, जिंगल बेल-जिंगल बेल गाने के डांस पर छोटे बच्चों ने सभी का मनमोह लिया। इसी के साथ ही 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने क्रिसमस ट्री तथा कार्ड बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मैनेजिंग डायरेक्टर राहुल यादव ने सैंटा क्लॉज बनकर आए सभी बच्चों को सम्मानित किया।





### देवयानी स्कूल में मनाया क्रिसमस-डे

**महेंद्रगढ़।** देवयानी इंटरनेशनल स्कूल बेवल में क्रिसमस-डे धूमधाम से मनाया गया। किड्स कक्षा के बच्चों ने सांता क्लाज का रूपधारण कर बच्चों को गिफ्ट वितरित किए। ईसामसीह के जन्मदिन को मनाते हुए प्रथम कक्षा से हनी, पलक राव, परिधी चौधरी व लक्ष्मी यादव ने आज ईसा मसीह का जन्म हुए गीत पर सुंदर डांस की प्रस्तुति दी। दूसरी कक्षा से श्लोक जांगडा, दिपांश, तनषु, समर चौधरी, साहिल राव, मयंक यादव, आरव चौधरी ने अपने ग्रुप डांस में सांताक्लाज बनकर बच्चों की मन्नत पूरी की। तीसरी कक्षा से शगुन व हरमायनी के ग्रुप ने सुंदर डांस पर खूब तालियां बटोरी। चौथी कक्षा से नव्या ने अपने ग्रुप के साथ क्रिसमिस-डे पर 'जिंगल बेल-जिंगल बेल' कविता गाकर सबको मंत्रमुग्ध किया। पांचवी कक्षा से कृतिका राव ने अपने ग्रुप के साथ सुंदर डांस प्रस्तुत किया।

## लंबे समय से अपने आठ वर्षीय पोते के साथ लगा रही चक्कर

# अधिकारियों की नाकामी, विधवा योजनाओं से वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

प्रदेश सरकार की ओर से गांव-गांव में विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा के माध्यम से पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ देने के वादा कर रहीं हैं। वहीं दूसरी गांव जवाहरनगर निवासी विधवा महिला को पात्र होने के बावजूद भी अधिकारियों की नाकामी के योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। बुजुर्ग विधवा महिला अपने आठ वर्षीय पोते के साथ सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगा रही है। उक्त विचार पूर्व लोकसभा प्रत्याशी बलवान फौजी ने पीड़ित बुजुर्ग महिला के घर पहुंचकर मुलाकात करने के बाद कहीं। बलवान फौजी ने बताया कि बुजुर्ग महिला सुलोचना देवी के पति ओमवीर का देहांत हो चुका हैं तथा उनके बेटे तथा पुत्रवधु का भी देहांत हो चुका हैं। परिवार में केवल बुजुर्ग महिला व उसका आठ वर्षीय पोता है। पहले महिला के पास गुलाबी कार्ड होता था। बाद में काटकर पीला कार्ड बना दिया। कुछ समय पहले पीला कार्ड भी काट दिया गया। महिला ने कार्यालय जाकर पता किया तो महिला की वार्षिक 1.80 लाख रुपये दिखा रखी थी। महिला के काफी प्रयास करने के बाद उसके परिवार पहचान पत्र में 40 हजार रुपये वार्षिक आय की गई है। इसके बावजूद भी महिला का बीपीएल राशन कार्ड नहीं बना।



महेंद्रगढ़। गांव जवाहरनगर में बुजुर्ग से मुलाकात करते बलवान फौजी।

### पात्रों को नहीं मिल पा रहा योजनाओं का लाभ

बलवान फौजी ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की ओर से गरीब, विधवा, असहाय और विकलांगों के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है, लेकिन प्रशासन की नाकामी के कारण उन योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक नहीं पहुंच पाता है। जो सिस्टम की नाकामी एवं लाचारी पर सोचने को विवश करती है। बलवान फौजी का कहना है कि अगर सात दिन के अंदर बुजुर्ग महिला के साथ न्याय किया गया तो आसपास के गांवों के ग्रामीणों के साथ मिलकर डीसी ऑफिस के बाहर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. धर्मवीर पायगा, कैप्टन भूपेंद्र पाल सतनाली, कृष्ण पथरवा, सूबेदार रामकुमार आर्य, मुरारी फौजी व सचिन आदि उपस्थित रहे।





### श्रीकृष्ण स्कूल भुंगारका में इंटर हाउस अंग्रेजी व विज्ञान क्विज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

श्रीकृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल भुंगारका में कक्षा तीसरी से पांचवीं तक इंटर हाउस अंग्रेजी व विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मर्करी, मार्श, जुपिटर व विनस हाउस से विद्यार्थियों ने एक टीम के रूप में भाग लेकर अपने-अपने हाउस का नेतृत्व किया। इस प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनके जीवन में आने वाली प्रतियोगिताओं के लिए एक प्लेटफॉर्म देना है। जिससे बच्चों में ऐसी आत्मविश्वास की भावना पैदा होती है कि वह भी ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी विजय पताका फहरा सकते हैं। प्रतियोगिता का संचालन अध्यापक मोहित यादव व विजय कुमार ने किया।

## खबर संक्षेप

### अग्रोहा 18 कुंडीय यज्ञ में भाग लेने के लिए जत्था रवाना

**नारनौल।** अग्रवाल सम्मेलन की ओर से अग्रोहा धाम शक्तिपीठ में आयोजित होने वाले 18 कुंडीय यज्ञ में शामिल होने के लिए शहर से जिला के प्रतिनिधियों का एक जत्था जिला संरक्षक सतनारायण गुप्ता के नेतृत्व में रवाना हुआ। जिसमें काफी संख्या में अग्रवाल बंधुओं ने कुलदेवी महालक्ष्मी के दरबार में अपनी उपस्थिति रहे।

### अमर शहीद साहिबजादों की वीरता को सलाम

**मंडी अटेली।** भाजपा कार्यालय अटेली विधानसभा के चारों मंडलों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शहीद साहिबजादों को नमन किया। मुख्य रूप से ओमप्रकाश लिसानिया, सुरेश अत्री, सुगनचंद सैनी, राजेंद्र सिंह लांबा, भाजपा एससी सैल क जिला प्रधान कर्मवीर खिंची, मुरारीलाल वैद्य, श्रीचंद फतेहपुर, कृष्ण कुमार शर्मा, अशोक लाम्बा, मंजीत भीलवाड़ा, बजरंगलाल शर्मा मौजूद रहे।

### दुकान से मोबाइल फोन चोरी, केस दर्ज

**महेंद्रगढ़।** सतनाली चौक पर स्थित एक मोबाइल की दुकान से एक अज्ञात चोर मोबाइल फोन चोरी करके ले गया है। चोरी की वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि उसने सतनाली चौक पर फोन व मनी ट्रांसफर के नाम से एक दुकान कर रखी है। 25 दिसंबर को शाम पर उसकी दुकान पर एक ग्राहक आया और उसने छह हजार रुपये फोन-पे पर करवाया।

### पूर्व पार्षद व शिक्षाविद के निधन पर जताया शोक

**कनीना।** शहर के पूर्व मनोनीत पार्षद ओमप्रकाश यादव व पूर्व शिक्षाविद रामप्रताप शर्मा का निधन हो गया। उनके निधन ने कनीना में शोक की लहर दौड़ गई। ओमप्रकाश यादव भाजपा किसान मोर्चा से लेकर विभिन्न पदों पर कार्यरत रहे।

### एसडीएम ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

**महेंद्रगढ़।** एसडीएम हर्षित कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने को प्रयासरत है। फिर भी अगर किसी को सेवाओं को लेकर कोई शिकायत है तो वह उनके सामने रख सकता है। उन्होंने मंगलवार को प्रशासनिक भवन में कैंप कार्यालय लगाकर लोगों की शिकायतें सुनी।

# आज कांग्रेस के हो गए रिटायर्ड आईएएस विनय सिंह यादव

- पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा व प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान दी सदस्यता ग्रहण, नांगल चौधरी से टिकट की दावेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी


**नांगल चौधरी।** रिटायर्ड आईएएस का पार्टी में स्वागत करते पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा।

रिटायर्ड आईएएस विनय सिंह यादव ने कांग्रेस की सदस्यता का हाथ थाम लिया। पूर्व सीएम चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान ने पटका पहनाकर मान-सम्मान का भरोसा दिया। नांगल चौधरी हलके के सैकड़ों पूर्व एवं वर्तमान पंचायत जनप्रतिनिधियों ने कांग्रेस में आस्था जताई है। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने रिटायर्ड आईएएस विनय यादव की ईमानदार कार्यशैली का उल्लेख किया। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि विनय यादव में निष्पक्ष निर्णय लेने और स्पष्टवादिता की क्षमता है। जहां भी बतौर प्रशासनिक अधिकारी नियुक्त किया गया, वहां इन्होंने समाज और सरकार के बीच कड़ी बनकर सेवाएं दी हैं। लोगों के बीच रहकर उनकी समस्याएं सुनना तथा अपने स्तर या सरकार की मदद से समाधान कराने में हमेशा अव्वल रहे हैं। प्रशासनिक कुशलता के साथ विनय यादव का लोकतंत्र प्रणाली से विशेष लगाव रहा है। विनय यादव ने एसडीएम, एडीसी, डीसी, कमीश्नर, निदेशक तथा ग्रह विभाग में बतौर सचिव सेवाएं दी, लेकिन कभी भी विवादों में नहीं रहे। इनके कांग्रेस पार्टी में शामिल होने से संगठन को मजबूती मिलेगी। प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान ने कहा कि विनय सिंह की छवि ईमानदार और नीडर अधिकारी की रही है। लोकतांत्रित विचाधारा का व्यक्ति जब लोकतांत्रिक पार्टी में शामिल होता है तो निश्चित रूप से नया अध्याय शुरू होता है। आपको बता दें कि विनय सिंह यादव फरवरी 2023 में बतौर आईएएस रिटायर हुए थे, तभी से उनके कांग्रेस में शामिल होने के कयास लगाए जा रहे थे। बीते पांच महीने से नांगल चौधरी हलके में सक्रिय है तथा जनता के बीच रहकर जन समस्याओं के समाधान में सहयोग कर रहे हैं। इस मौके पर महेंद्रगढ़ के विधायक राव दानसिंह, पंचायत चेयरमैन एसोसिएशन के पूर्व प्रधान प्रवीण चौधरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री जेपी सिंह, पूर्व मंत्री आफताब अहमद, राहुल राव कोसली, यूथ कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष बबलू यादव समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

#### नांगल चौधरी हलके से जीत की शुरूआत करेगी पार्टी

पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि पोर्टल की सरकार से पूरा हरियाणा परेशान हो चुका है। अब चुनाव नजदीक देखकर जातिवाद का जहर फैलाकर प्रदेश को बांटने की कोशिश है, लेकिन जागरूक जनता सब कुछ समझ गई है। उन्होंने कहा कि विनय यादव गोल्ड मेडल से कम नहीं, विधानसभा चुनावों में जीत की शुरूआत हरियाणा के अंतिम छोर नांगल चौधरी हलके से करेंगे।


**नारनौल।** चौक पर श्रमिकों को अल्पाहार वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### श्रमिक को भोजन वितरण का यह अभियान सामाजिक समरसता का प्रतीकः मक्कड़

*नारनौल। राज्य के दिव्यांगजन आयुक्त राजकुमार मक्कड़ के जन्मदिवस के अवसर पर सोमवार को प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से लेबर चौक पर लगभग 300 श्रमिकों के लिए सुबह अल्पाहार की व्यवस्था की गई। जानकारी देते हुए ट्रस्टी नरोतम सोनी व भीमसेन ने बताया कि राजकुमार मक्कड़ नारनौल प्रवास पर हैं। इनके जन्मदिन व सेवानिवृत्ति के अवसर पर लेबर चौक पर उपस्थित लोगों के लिए भोजन व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजकुमार मक्कड़ थे। उन्होंने अपने हाथों से श्रमिकों को भोजन करवाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सेवा का यह सवार्त्तम प्रकल्प है। जन्मदिन को विशिष्ट अंदाज में मानाने के साथ सेवा दिवस के रूप मनाकर ट्रस्ट ने सार्थकता का संदेश दिया है। अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि श्रमिक साथियों के बीच भोजन वितरण का यह अभियान सामाजिक समरसता का अनूठा उदहारण है। प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट इस परम्परा को निभाता आ रहा है। प्राचार्य दिनेश शर्मा ने कहा कि हम सब का दायित्व है कि सेवा को एक जिम्मेदारी मानते हुए इसे निभाना चाहिए।*

### सर्राफा कारोबारियों एवं पुलिस की समन्वय बैठक आयोजित

# मानक चौक पर स्थायी पुलिस कर्मी तैनात करने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। बैठक में भाग लेने पहुंचे सिटी एसएचओ सुरेंद्र सिंह एवं स्वर्णकार समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

सर्राफा एसोसिएशन के तत्वावधान में सर्राफा व स्वर्ण कारोबारियों एवं पुलिस प्रशासन की एक बैठक देर शाम पुल बाजार स्थित पंजाबी धर्मशाला में संपन्न हुई। इस अवसर पर शहर थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर सर्राफा एसोसिएशन के प्रधान सुरेंद्र सोनी, जिला ग्रिवेंस कमेटी के सदस्य एवं पूर्व पार्षद दयानंद सोनी ने स्वर्ण कारोबारियों के व्यापार एवं सुरक्षा के बारे में शहर थाना प्रभारी को अवगत कराते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति आपदा व बीमारी के समय अपनी सोने-चांदी की वस्तु जब सर्राफ या स्वर्ण कारोबारी को बेचने आता है तो वह बाजार भाव से बेचकर पैसे ले जाता है, लेकिन कई दफा बाद में पुलिस किसी व्यक्ति को पकड़ कर स्वर्णकार के यहां ले आती हैं कि इसने आपको जो सामान बेचा था, वह चोरी का था और पुलिस धारा 411 में वह सामान भी जब्त कर लेती हैं और स्वर्णकार पर मुकदमा भी बना देती है। ऐसी स्थिति में स्वर्णकार क्या ऐहतियात बरतें? क्योंकि स्वर्णकार को तो दोहरी मार हो जाती है। उक्त व्यक्ति सामान बेचकर पैसे भी ले जाता है और बाद में पुलिस धारा 411 में सामान जब्त कर लेती है और मुकदमा भी दर्ज कर लिया जाता है।

#### चोरों ने बदला तरीका

आजकल किसी के चेहरे से यह पता लगाना असंभव है कि फलां व्यक्ति चोर हैं या साहूकार। वहीं दूसरी समस्या के बारे में संरक्षक भारत जौहरी, दीपक सोनी, श्याम लाल सोनी व टीटू सोनी ने बताया कि स्वर्णकार अक्सर गोल्ड की वस्तु व कैश शाम को अपने घर ले जाता है, लेकिन कई बार रास्ते में गोल्ड व कैश का थैला असामाजिक तत्वों द्वारा छीनकर भाग जाने जैसी घटनाएं घट चुकी हैं, क्योंकि शहर की पुलिस चौकी कई सालों से बंद है। इसलिए मानक चौक में एक या दो पुलिस कर्मचारी की स्थाई नियुक्ति की जाए, ताकि वह गश्त भी लगाता रहे और असामाजिक तत्व भी पुलिस के भय से दूर ही रहें। सर्राफ एवं स्वर्ण कारोबारियों की समस्याओं एवं सुझावों को सुनकर थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने सर्वप्रथम सभी व्यापारियों को अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की सलाह दी, ताकि कोई भी व्यक्ति जो उन्हें सामान बेचने आएगा, वह सीसीटीवी फुटेज में दिखाई देगा और उसकी पहचान आसानी से हो सकेगी। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि धारा 411 से संबंधित मामले यदि कोई उनके पास आते हैं तो उसके लिए सर्राफा एसोसिएशन के प्रधान सुरेंद्र सोनी के माध्यम से सच्चाई का पता लगाने के बाद ही कोई कार्रवाई करेंगे। किसी को भी झूठा नहीं फंसाया जाएगा, ऐसा वह विश्वास दिलाते हैं। इसके अतिरिक्त गश्त के लिए पुलिस राइडर व मानक चौक पर पुलिस कर्मियों की स्थाई नियुक्ति के लिए अपने सीनियर अधिकारियों से बात कर अमल करवाएंगे। जिला प्रधान सुरेंद्र सोनी ने कार्यकारिणी ने मुख्य अतिथि थाना प्रभारी सुरेंद्र सोनी व उनके साथ आए सब इंस्पेक्टर अजित सिंह का स्वागत किया।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर स्वर्णकार सभा के प्रधान राजेंद्र प्रसाद उर्फ गुड्डू राम सोनी, रामकिशोर उर्फ खिल्लूराम सोनी, श्यामलाल सोनी, अमरनाथ सोनी, मोतीलाल सोनी, रामानंद सर्राफ, दीपक सोनी, सुंदर सोनी, महेंद्र सोनी, लालाराम सोनी, रामधन सोनी, राकेश सोनी, रामनिवास सोनी, राजा सोनी, धीरज सोनी व गौरव सोनी इत्यादि मौजूद रहे।

# शिक्षा से ही देश का विकास हो सकता है संभवः राव बहादुर सिंह

- मनुष्य में उच्च विचारों का निर्माण करती है शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


**महेंद्रगढ़।** ग्रामीणों को संबोधित करते राव बहादुर सिंह। फोटो : हरिभूमि

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं यदुवंशी ग्रुप चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने मंगलवार को अपने सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान कोसली हल्के के गांवों का दौरा किया। राव बहादुर सिंह ने कहा कि शिक्षा से ही देश का संपूर्ण विकास संभव है। शिक्षा हमें विभिन्न प्रकार का ज्ञान और कौशल प्रदान करती है तथा मनुष्य के अंदर अच्छे विचारों का निर्माण कर उसके जीवन का मार्ग प्रशस्त करती है। शिक्षा के उद्देश्य को मद्देनजर रखते हुए यदुवंशी ने सर्वप्रथम अपना कदम महेंद्रगढ़ क्षेत्र में रखा और अब यह क्षेत्र शिक्षा के हब के नाम से जाना जाता है। राव बहादुर सिंह ने मंगलवार को बिसोहा, कारोली, बव्वा, बहाला, नयागांव, घड़ी, मुमताजपुर, भड़ंगी, खुर्शीद नगर, झोलरी, कोहार्ड, लिलोढ़, सुधराना, जूड्डी, झाल, नाहड़, गुजरवास तथा लूखी गांवों का दौरा कर यदुवंशी स्थापना दिवस का निमंत्रण दिया। विशिष्ट व्यक्तियों में गांवों की पंचायत के सदस्य, ब्लॉक समिति एवं जिला पार्षद सदस्य तथा 60 वर्ष से ऊपर सभी नागरिक शामिल रहे। सभी ग्रामीणों राव का स्वागत किया अतः क्षेत्र में इनका योगदान काबिले तारीफ हैं। हम चाहते हैं कि आप चुनाव लड़ें, ताकि विजयी बना क्षेत्र में आगे बढ़ाएं। इस अवसर पर कंवर सिंह चेयरमैन, पूनम देवी जिला पार्षद, जीवन राम, सत्यवीर झुकिया, टील्लू सरपंच, बबीता, भारती, थान सिंह, रघुनाथ सिंह व पूर्व सरपंच धर्मेंद्र उपस्थित रहे।


**नारनौल।** कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस नेत्री डा. राज सुनेश यादव। फोटो : हरिभूमि

### कांग्रेस में मिलता है महिलाओं को पूरा मान सम्मानः डॉ. राज सुनेश

**नारनौल।** वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री डा. राज सुनेश यादव ने मंगलवार को शहर के मोहल्ला मोती नगर व गांव कांवी में महिलाओं से मुलाकात की और उन्हें कांग्रेस पार्टी की नीतियों के बारे में अवगत करवाया। दोनों जगह कांग्रेस नेत्री का स्वागत महिलाओं ने किया। कांग्रेस पार्टी के हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के तहत कांग्रेस की महिला नेत्री डा. राज सुनेश यादव ने मंगलवार को कई स्थानों का दौरा कर महिलाओं को कांग्रेस पार्टी की नीतियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए डा. राज सुनेश यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो सभी वगारें को साथ लेकर चलती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिए कांग्रेस पार्टी अनेक कार्य करती है। कांग्रेस पार्टी की ओर से हमेशा से ही महिलाओं का सम्मान किया जाता रहा है। इस मौके पर सुमित्रा यादव, इंदिरा देवी, माया देवी, विमला यादव, बाला देवी व संदीप यादव आदि मौजूद थे।

### बेरोजगारी और भ्रष्टाचार गठबंधन सरकार की देन

**नांगल चौधरी।** नांगल चौधरी के गांव कालबा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक राजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के जिला प्रभारी गोपाल सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने ग्रामीणों को भाजपा-जजपा गंठबंधन सरकार पर बेरोजगारी व भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि चुनावों से पहले भाजपा ने दो लाख युवाओं को हर साल रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन सरकार का करीब साढे. नौ साल का कार्यकाल पूरा हो चुका है, अभी तक एक लाख युवाओं को भी रोजगार मुहैया नहीं करवाया है। पारदर्शी व्यवस्था का झांसा देकर सरकार ने पोर्टल प्रणाली लागू कर दी। राशन कार्ड, पीपीपी, आधार कार्ड जैसे जरूरी दस्तावेजों को पोर्टल से लिंक कर दिया। आमजन को कोई भी प्रमाण पत्र बनवाने के लिए पोर्टल पर पंजीकरण करवाना जरूरी हो गया।



### रोटरी रसोई में लोग 10 रुपये में कर रहे रोजाना भरपेट भोजन

*नारनौल। रोटरी क्लब की ओर से महावीर चौक पर चलाई जा रही रोटरी रसोई पर मात्र 10 में प्रतिदिन जरूरतमंद लोगों को भरपेट भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है। रसोई पर प्रतिदिन करीब 300 से 350 लोग भोजन ग्रहण कर अपनी दुआएं देते हैं। रोटरी क्लब की ओर से पिछले पांच वर्ष से लगातार संचालित इस रोटरी रसोई पर मात्र 10 रुपये में लोगों को स्वादिष्ट सब्जी, दाल, चावल व चपाती इत्यादि का भरपेट भोजन मुहैया करवाया जाता है। रोटरी क्लब प्रधान नरेश गोगिया ने बताया कि आज भी देश में लाखों लोगों को प्रतिदिन दो समय का भोजन भी पेट भर उपलब्ध नहीं हो पाता है। ऐसे लोगों को ध्यान में रखकर ही करीब पांच वर्ष पूर्व रोटरी क्लब ने इस रोटरी रसोई का संचालन प्रारंभ किया था, ताकि दिन में कम से कम एक समय मात्र 10 रुपये के साधारण शुल्क पर जरूरतमंद रिक्शा चालकों, रेहड़ी चालकों, मजदूर वर्ग अथवा अन्य जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध करवाया जा सकें। रोटरी रसोई प्रोजेक्ट इंचार्ज विजय जिंदल ने कहा कि रोटरी क्लब सिटी की इस मुहीम के तहत प्रतिदिन करीब 300 से 350 लोगों को भोजन करवाया जाता है। जिसमें रोटरी क्लब के सभी सदस्यों के अलावा क्षेत्र के अनेक जागरूक लोग भी अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ, परिजनों की पुण्यतिथि अथवा अन्य किसी विशेष दिवस को यादगार बनाने के लिए रोटरी रसोई पर अपने हाथों से लोगों को भोजन करवाकर अपना विशेष सहयोग प्रदान करते हैं। जिनकी मदद से इतने लंबे समय से लगातार इस रसोई को संचालित किया जा रहा है। इस मौके पर नरेश गोगिया, राजकुमार यादव, प्रवीण संघी, राजकुमार चौधरी, विनोद चौधरी, विजय जिंदल, हितेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।*

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

# डाकघरे भवन निर्माण को सांसद से मिले

- शहर में मिली हुई है डाकघर व बीएसएनल को जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


**महेंद्रगढ़।** सांसद से मुलाकात करते संदीप मालड़ा। फोटो : हरिभूमि

विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने शहर के डाकघर के निर्माण के लिए सांसद धर्मबीर सिंह से मुलाकात की। संदीप मालड़ा ने बताया कि शहर का डाकघर अस्थाई रूप से मिनी सचिवालय में चल रहा है। शहर से इसकी दूरी लगभग चार किलोमीटर है। जहां एक तरफ शहर के बीचों-बीच डाकघर के लिए जमीन उपलब्ध है तथा दूर संचार विभाग के नाम भी है।

वहीं दूसरी तरफ शहर से बाहर डाकघर होने की वजह से न सिर्फ लोगों को असुविधा हो रही है बल्कि आर्थिक बोझ भी पड़ रहा है। मिनी सचिवालय तक पहुंचने के लिए आटो या टैंपो भी करना पड़ता है और यदि अपने वाहन से जाओ तो तेल भी जलता है। साथ ही मिनी सचिवालय में गाड़ी पार्किंग का शुल्क भी देना पड़ता है। शहर में दूरसंचार विभाग की जमीन भी उपलब्ध है। इसी मामले को लेकर उन्होंने सांसद धर्मबीर सिंह से मुलाकात की थी। सांसद धर्मबीर सिंह ने केंद्रीय दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर निवेदन किया है कि डाकघर का निर्माण जल्द से जल्द करवाया जाए जिससे शहर एवं गांवों के लोगों को हो रही असुविधा से निजात मिल सके।


**महेंद्रगढ़।** दहेज प्रथा के खिलाफ नाटक प्रस्तुत करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### दहेज लेना और देना दोनों ही समाज के लिए घातक

**महेंद्रगढ़।** एसपीजी-आईएएस स्कूल में छात्रा जेसिका, अंजू, मिताली, जसीका एवं उष्मिता ने दहेज प्रथा के खिलाफ एक एक्ट प्रस्तुत कर समाज को दहेज के खिलाफ एक संदेश दिया। सीईओ रोहित राव ने बच्चों के इस कार्यक्रम की बड़ी ही सराहना करते हुए बताया कि हर मां-बाप चाहते हैं कि उनकी बेटी शादी के बाद भी वैसे ही सुख शांति से रहे जैसे वह अपने मायके में रह रही हो और अपनी बेटी को किसी चीज की ससुराल में कोई कमी ना हो। इसलिए मां-बाप बेटी को हर छोटी से छोटी चीज को उपहार स्वरूप देते हैं, लेकिन आज इस उपहार की परिभाषा बदल गई है और यह लेनदेन होने लगा है। आज लड़कों की डिमांड बढ़ रही है, साथ ही आजकल कहीं ऐसे भी देखने को मिल रहे हैं, जहां दहेज के लिए लोग लड़की के साथ कई तरह के अत्याचार तक करने से बाज नहीं आते है।

# शहीदे-ए-आजम उद्धम सिंह को जयंती पर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



जलियांवाला बाग नरसंहार के दोषी जनरल डायर को मौत के घाट उतारने वाले शहीद सरदार उद्धम सिंह की जयंती पर सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित कर विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। अध्यक्षता समिति के प्रधान चन्दन सिंह जालवान ने की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संघर्ष समिति के महासचिव एवं कबीर सामाजिक उत्थान संस्था दिल्ली के प्रमुख सलाहकार बिरदी चंद गोठवाल ने बताया कि सरदार उद्धम सिंह का जन्म सिख कम्बोज परिवार में हुआ था और वह बचपन से ही देशभक्ति से ओतप्रोत थे। इस अवसर पर अखिल भारतीय आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष एवं पूर्व तहसीलदार लालाराम नाहर, समिति के प्रधान एवं पूर्व चीफ मैनेजर चन्दन सिंह जालवान व लेखाधिकारी रामकुमार ढैणवाल ने अपने संयुक्त ब्यान में बताया कि 13 अप्रैल 1919 को जलियांवाला बाग में जनरल डायर की ओर से किए गए नरसंहार को देखकर उनका ख़ून क्रोध से खोल उठा और इन्होंने जलियांवाला बाग की मिट्टी लेकर कसम खाई थी कि वह इस दर्दनाक घटना का प्रतिशोध अवश्य लेगा। अपने इस अंजाम को कार्यरूप देने के लिए वे विभिन्न देशों से होते हुए इंग्लैंड पंहुचे। जहां पर 13 मार्च 1940 को लंदन के कैक्सटन हाल में ईस्ट इंडिया एसोसिएशन तथा रायल सैंट्रल एशियन सोसायटी के संयुक्त अधिवेशन में उपस्थित जनरल डायर को गोलियों से भून कर अपने कार्य को परिणित किया। इसके साथ ही गुरु रविदास महासभा के प्रधान बलबीर सिंह बबेरवाल, महर्षि वाल्मीकि सभा के प्रधान जोगेंद्र जैदिया, पूर्व डीजीएम एवं धानक समाज के प्रमुख समाजसेवी महेंद्र खन्ना व कोषाध्यक्ष प्यारेलाल चवन ने शहीद उद्यम सिंह के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर मजदूर संगठन एटक के जिलाध्यक्ष गजेन्द्र ठेकेदार, पूर्व मैनेजर जयपाल सिंह व रामचंद्र गोठवाल, सहसचिव सुमेर सिंह गोठवाल, पूर्व मुख्याध्यापक धर्मवीर कटारिया, शारदा देवी, हिमांशु, धर्मेंद्र मौजूद रहे।



### मॉडल संस्कृति विद्यालय में वीर बाल दिवस का आयोजन

**नारनौल।** पीएम श्री राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की कार्यकारी प्राचार्या सरिता यादव ने की। कार्यक्रम में समाजशास्त्र के प्रवक्ता दीपक वर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम सिखों के 10वें गुरु गोविंद सिंह के दो बेटों जोरावर सिंह व फतेह सिंह के बलिदान की स्मृति में प्रतिवर्ष 26 दिसंबर को मनाया जाता है।